

# घाटी में हादसे रोकने लगी रेलिंग टूटकर खाई में गिरी

- भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 की बालमपुर घाटी पर सुरक्षा इंतजाम फेल

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 जुलाई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 की बालमपुर घाटी के खतरनाक मोड़ और ढलान पर आए दिन गाड़ियां पलट रही हैं. दर्जनों लोग यहाँ अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर आज भी अपंगता का जीवन जीने को मजबूर हैं. इस ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दावों और वादों की जो रेलिंग लगाई गई थी, वह अब ढह चुकी है.**

लगातार हो रहे जानलेवा हादसों को देखते हुए मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एमपीआरडीसी ने घाटी के दोनों ओर लोहे की मजबूत सुरक्षा रेलिंग (क्रैश बैरियर) लगवाई थी. उद्देश्य स्पष्ट था कि यदि कोई वाहन अनियंत्रित हो, तो यह रेलिंग उसे खाई में गिरने से रोक ले. लेकिन वह खुद हादसों की भेंट चढ़ चुकी है. घाटी के कई मोड़ों पर रेलिंग पूरी तरह टूटकर नीचे गहरी खाई में जा गिरी है.और कई स्थानों पर रेलिंग टेढ़ी-मेढ़ी होकर सड़क की तरफ झुक गई है.

इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन, यात्री बसें और भारी ट्रक गुजरते हैं. वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण चुनौती और ज्यादा गंभीर हो गई है. बारिश के दौरान घाटी की घुमावदार सड़क पर फिसलन हो जाती है. वहीं, सुबह और शाम के वक्त धुंध के कारण विजिबिलिटी (दृश्यता) बेहद कम रह जाती है. वहीं रात के समय इस मार्ग पर पर्याप्त रोशनी न होने से टूटी हुई रेलिंग दिखाई नहीं देती, जिससे वाहन चालकों की धड़कनें बढ़ी रहती हैं.

### ग्रामीणों ने की रेडियम संकेतक की मांग

सलामतपुर के समाजसेवी बब्लू पठान का कहना है कि 'प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है क्या? जब पहले ही कई लोग यहाँ जान गंवा चुके हैं, तो टूटी रेलिंग को ठीक करने में इतनी ढिलाई क्यों? अगर समय रहते इसे नहीं बदला गया, तो कोई बड़ी यात्री बस खाई में पलट सकती है. रातातलाई के किसान राकेश मीणा का कहना है कि एमपीआरडीसी की इस घोर लापरवाही ने अब सीधे तौर पर व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है. जब सुरक्षा के लिए लगाया गया बुनियादी ढांचा ही महीनों तक टूटा पड़ा रहे, तो विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी है.

सरपंच संघ सांची के अध्यक्ष कालूराम मीणा ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त और गायब हो चुकी रेलिंग को तुरंत हटाकर नई और मजबूत हाई-क्वालिटी क्रैश बैरियर लगाए जाएं. और घाटी के खतरनाक मोड़ों पर रेडियम संकेतक (रिफ्लेक्टर्स), ब्लिंकर लाइट और 'गति धीमी रखें' के बड़े चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं. वहीं हाईवे अथॉरिटी द्वारा इस पूरे पैच की नियमित निगरानी की जाए ताकि डैमेज होते ही उसे तुरंत सुधारा जा सके.

# 15 स्कूल व यात्री बसें की जांच, 4 बसों पर कार्रवाई

- भोपाल-विदिशा हाईवे पर चला सघन चेकिंग अभियान

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 जुलाई. सलामतपुर थाना पुलिस ने शनिवार को भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर यात्री एवं स्कूली बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया. यह अभियान थाना प्रभारी श्यामराज सिंह, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा एवं पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में संचालित किया गया.**



जांच के दौरान कुल 15 यात्री एवं स्कूल बसों की जांच की गई.

पुलिस ने बसों के दस्तावेज, फिटनेस, सुरक्षा उपकरण, परमिट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. जांच में चार बसों में नियमों की अनदेखी और आवश्यक कमियां पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई.

# तलवार से प्राणघातक हमला, तीन घायल

- एक को किया सागर रेफर, तुलसीपार का मामला

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 11 जुलाई. ग्राम तुलसीपार में पुरानी रंजिश को लेकर एक बदमाश ने तलवार से दो लोगों पर प्राणघातक हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गया, जिसे पुलिस तलाश रही है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुलसी पार गांव में शनिवार शाम करीब 4 बजे पुरानी रंजिश पर आरोपित अभिषेक अठ्या 22 वर्ष नारायण यादव की मोटर बाइरिंग की दुकान पर आया और गाली गुफ्तार करते हुए पिछले माह



उसके खिलाफ की गई रिपोर्ट वापिस लेने पर अड़ीबाजी करने लगा. जब उन्होंने उसे मना किया तो वह भागकर घर गया और तलवार लेकर आ गया और आते ही उसने तलवार से नारायण यादव के पुत्र सचिन यादव 28 वर्ष पर हमला कर दिया, जब अभिषेक गौर 28 वर्ष एवं छोटू कुशवाहा 24 वर्ष ने सचिन और आरोपित अभिषेक अठ्या के बीच में बीचबचाव करना चाहा तो उसने उन पर भी हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया.

सचिन यादव को मुंह, नाक में तलवार की गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टरों ने मेडिकल हॉस्पिटल सागर रेफर कर दिया, जबकि अभिषेक गौर को पांव एवं छोटू कुशवाहा को पीठ में तलवार से चोट आने के कारण सिविल अस्पताल में भर्ती किया है. थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ है. मामला दर्जकर आरोपित अभिषेक अठ्या की तलाश की जा रही है.

# किसानों को समय पर खाद-बीज मुहैया कराएं

- किसान कांग्रेस ने रैली निकालकर राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**देवरी/उदयपुरा (रायसेन), 11 जुलाई.** खरीफ सीजन में किसानों को मुख्य रूप से मूंग उपज विक्रय, एवं मंडियों में टोकन व्यवस्था से हो रही परेशानियों को लेकर कांग्रेस सड़क पर उतर आई. जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों और कार्यकर्ताओं ने 10 किलोमीटर दूर जमानिया से वाहन रैली निकाली इस रैली में सैकड़ो वाहनों का काफिला नारे लगाता हुआ देवरी तहसील कार्यालय पहुंचा, यहां



उन्होंने राज्यपाल के नाम तहसीलदार जयपाल शाह को ज्ञापन सौंपा. उसके बाद सैकड़ो गाड़ियों का काफिला उदयपुरा पहुंचा और वहां पर भी राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा.

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मौजूदा मूंग खरीदी साथ में खाद बीज को लेकर किसान परेशान है वहीं सरकार एक एकड़ पर लगभग सवा क्विंटल मूंग खरीद रही है. समय पर टोकन नहीं मिलने से किसान कई दिनों तक मंडियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जिससे उनकी उपज खराब होने के साथ आर्थिक नुकसान भी हो रहा है. उन्होंने मांग की कि या तो टोकन व्यवस्था को तत्काल समाप्त किया जाए या इसे पूरी तरह पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाए. रैली का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक संजय शर्मा, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल और युवा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रंजीत पटेल, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एडवोकेट रामेश्वर रघुवंशी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रताप सिंह लोधी बलवंत सिंह रघु , गिरीश पालीवाल, ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने किया. पूर्व विधायक संजय शर्मा ने कहा कि किसान परेशान है. मूंग की तुलाई कम हो रही है. खाद बीज भी समय पर नहीं मिल रहा है अगर सरकार ने हमारी मांगे पूरी नहीं की तो संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रदर्शन किया जाएगा.


## विद्युत कार्य के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज सिलवानी, 11 जुलाई.** ग्राम दैनी में विद्युत कार्य के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान अखिलेश कुशवाहा (25) पिता मनमोद कुशवाहा, निवासी ग्राम बेगवा खुर्द के रूप में हुई है. ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं.



प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश कुशवाहा कीरतपुर पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले ग्राम दैनी में विद्युत संबंधी कार्य कर रहा था. इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया.

# 3 दिन से पत्नी लापता, पति ने लगाई ढूंढने की गुहार



- 4 साल पहले हुई थी शादी, तलाश में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 जुलाई. थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा में एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में पिछले तीन दिनों से लापता है. पति ने रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला, तो उसने शनिवार को सलामतपुर थाने पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है.**

पुलिस के अनुसार, बांसखेड़ा निवासी जीवनलाल अहिरवार बीते 8 जुलाई को रायसेन स्थित अपनी बहन के घर गया हुआ था. अगले दिन जब वह वापस अपने घर लौटा, तो उसकी पत्नी मनीषा बाई उर्फ सुरेखा घर पर नहीं थी. जीवनलाल ने शुरुआत में अपने स्तर पर पत्नी की तलाश की. उसने आसपास के ग्रामीणों और सभी संभावित रिश्तेदारों से पूछताछ की, लेकिन मनीषा का कहीं कोई पता नहीं चल सका. जीवनलाल ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब 4 साल पहले ओडिशा की रहने वाली मनीषा से हुई थी. वह क्षेत्र में ही रहकर अपना जीवनयापन कर रहे थे. उसने यह भी जानकारी दी कि मनीषा की एक सगी संबंधी (बहन) सागर शहर में रहती है, जिसके आधार पर भी पुलिस सुराग लगाने का प्रयास कर रही है.

### इनका कहना है.

'शनिवार को बांसखेड़ा गांव के एक युवक ने थाने आकर अपनी पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर गुम इंसान का मामला कायम कर लिया है. महिला की तलाश के लिए आसपास के सभी थानों और सोशल मीडिया ग्रुप्स में उसकी फोटो व हुलिए की जानकारी भेज दी गई है. मामले की गंभीरता से विवेचना की जा रही है.'

**श्यामराज सिंह सोमवंशी, थाना प्रभारी, सलामतपुर.**

# सीमा चौहान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त

- भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा का जताया आभार

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 11 जुलाई. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे द्वारा रायसेन जिला भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सीमा चौहान को नियुक्त किया गया है.**

नियुक्ति के पश्चात नवनियुक्त महिला मोर्चा अध्यक्ष ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला कार्यालय आकर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार व्यक्त



किया. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा ने नवनियुक्त महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित सभी मौजूद महिला कार्यकर्ताओं से संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मोर्चा को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने को कहा. इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष राकेश तोमर, वर्षा लोधी, हेमलता रघुवंशी, कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी, महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## अभी तक किसानों को 48871 टन खाद दी

**रायसेन, 11 जुलाई.** जिले में खरीफ वर्ष 2026 हेतु पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं. कृषि विभाग के उप संचालक केपी भगत ने बताया कि जिले में खरीफ 2026 हेतु उर्वरक लक्ष्य 137050 मीट्रिक टन है. जिले में अभी तक यूरिया, डीएपी, एमओपी, एनपीके तथा एसएसपी को मिलाकर कुल 90140 मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हुई है जिसमें से किसानों को 48871 मीट्रिक टन खाद का वितरण हो गया है तथा वर्तमान में 41299 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है. इसमें यूरिया 18869 मीट्रिक टन, डीएपी 904 मीट्रिक टन, एमओपी 3361 मीट्रिक टन, एनपीके 7204 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 10956 मीट्रिक टन उपलब्ध है.

# शिविर में बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण

- गीदगढ़ में लगे 'सम्पर्क अभियान' शिविर में 46 आवेदनों का मौके पर निपटारा

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 11 जुलाई. सलामतपुर विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गीदगढ़ में शनिवार को 'सम्पर्क अभियान 2026' के तहत एक विशेष विद्युत शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए.**

अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों की टीम ने सभी



मामलों का निपटारा किया. 24 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपने बकाया और चालू बिजली बिलों का सुरक्षित भुगतान किया. वहीं 12 नए उपभोक्ताओं के आवेदनों को हरी झंडी देते हुए तत्काल नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए. और 10 अन्य तकनीकी व प्रशासनिक शिकायतों (जैसे मीटर खराबी, वोल्टेज की समस्या आदि) का मौके पर ही पूरी तरह निवारण किया गया.

# विश्व जनसंख्या दिवस पर सारथी रथ को हरी झंडी



नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 11 जुलाई.** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शनिवार को मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. पटेल ने विकासखंड में परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. डॉ. पटेल ने बताया कि 11 जुलाई से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया जाएगा. अभियान का उद्देश्य जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन के महत्व का प्रचार-प्रसार तथा लोगों को जागरूक करना है. इस दौरान सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में दंपतियों को उनकी इच्छा के अनुसार परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने जताया शिवराज का आभार

- सांसद निधि से नवीन भवन बनेगा वृद्धजनों का केंद्र

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 11 जुलाई. नगर के वार्ड क्रमांक 9 तालाब मोहल्ले में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से 5 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भवन निर्माण के लिए सांसद निधि से 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है.**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान ने राशि मंजूर की है. स्वीकृति पत्र प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के



पदाधिकारियों को सौंपा गया. पेंशनर्स ने इसे बहुत बड़ी व महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है. कहा कि यह भवन समाज की संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक एकता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा. यहां पेंशनर्स की बैठक होंगी,सर्व धर्म के पारंपरिक रीति रिवाज सुरक्षित रहेंगे. विशेष रूप से राष्ट्रीय त्यौहार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. एसोसिएशन ने कहा कि यह स्वीकृति भवन निर्माण की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है .पेंशनर्स के सहयोग से आगे इसे पूर्ण स्वरूप दिया जाएगा.भवन निर्माण की पहल को सफल बनाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा, जिसके लिए एसोसिएशन ने उनका आभार व्यक्त किया. एसोसिएशन ने विश्वास जताया कि भवन सर्व धर्म की सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केन्द्र बनेगा.इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष गिरधारी लाल शाक्य,भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष एम एल राठोरिया, कोषाध्यक्ष बी पी शर्मा सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित थे.

**सम्मान समारोह** ▶ सिलवानी के कम्युनिटी हॉल में हुआ सम्मान समारोह

# एबीवीपी ने किया नगर के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 11 जुलाई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सिलवानी द्वारा नगर के कम्युनिटी हॉल में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत, मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के जिला कार्यवाह राजेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में एबीवीपी जिला संयोजक रामकांत चौहान,



सिलवानी भाग संयोजक जय यादव, नगर मंत्री ओम सोनी सहित एबीवीपी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे हैं और उनके सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही हुई थी. उन्होंने कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करने वाला संगठन है, जो विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करता है.

उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और समाज सेवा को भी जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया. मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह राजपूत ने भी विद्यार्थियों को एबीवीपी के उद्देश्यों एवं संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए उन्हें राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हितों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाती रही है. कार्यक्रम के अंत में नगर के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, विभोर नायक, गिरजीस चौरसिया, सिल्लु यादव, सलीम काजी, दीपेश समैया, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, पुनीत समैया, लखन चंदेल, लखन मेहरा, बाबू पटेल सहित बड़ी संख्या नागरिक उपस्थित रहे.

# पंचायत सचिव, रोजगार सहायक की एसडीएम ने ली बैठक

**बेगमगंज, 11 जुलाई. एसडीएम प्रियंका भलावी ने शनिवार को सभी 67 ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों (जीआरएस) की बैठक लेकर विकास कार्यों में तेजी लाने के एवं समयसीमा में कार्यों को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए.**

जनपद पंचायत सभाकक्ष में हुई बैठक में उन्होंने सभी पंचायत सचिवों एवं जीआरएस को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यालय प्रतिदिन निर्धारित समय पर खोला एवं बंद किया जाए, जिसमें अधिकारी-कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें. इसके उपरांत नवीन वीबीजी रामजी योजना के संबंध में सभी सचिवों एवं जीआरएस को जानकारी प्रदान करते हुए योजना के क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए. एसडीएम ने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा स्वच्छता गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए.उन्होंने कहा कि वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं.